# निविदा आमंत्रण सूचना

एतद्द्वारा जी0एस0टी0 एवं ई0पी0एफ0 के अन्तर्गत पंजीकृत अनुभवी एवं आर्थिक रूप से सक्षम ठेकेदारों/फर्मों/स्वामियों से निविदा संख्या– 10/2025–26 के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता (परि0 एवं अनु0) पिटकुल, 132 केवी उपकेन्द्र, अल्मोड़ा हेतु एक नग डीजल चालित जीप मय चालक 12 माह के लिये किराये पर लिये जाने हेतु मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र तथा निविदा सम्बन्धी पूर्ण विवरण, नियम एवं शर्तें पिटकुल की वेबसाइट **www.ptcul.org** से दिनांक 10.10.2025 तक ही डाउनलोड की जा सकती हैं। निविदा के प्रथम भाग में धरोहर धनराशि रू0 15000 एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0/टी0डी0आर0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता, परिचालन एवं अनुरक्षण खण्ड, पिटकुल, अल्मोड़ा के नाम प्रतिभूत कर जमा करना अनिवार्य होगा। दूसरे भाग में दरें होंगी। धरोहर धनराशि के अभाव में निविदा का दूसरा भाग नहीं खोला जायेगा और ना ही निविदाओं में शामिल किया जायेगा। निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 250 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त) बैक ड्राफ्ट के रूप में अधिशासी अभियन्ता, परिचालन एवं अनुरक्षण खण्ड, पिटकुल, अल्मोड़ा के नाम निविदा प्रस्तुत करने के समय पर ही भुगतान किया जायेगा। निविदायें पंजीकृत/स्पीड पोस्ट डाक के माध्यम से ही प्राप्त की जायेंगी। निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अन्तिम तिथि दिनांक 24.10.2025 (14:00 बजे तक) तथा निविदा प्रपत्र खोलने की अन्तिम तिथि दिनांक 24.10.2025 (15:30 बजे) है। निविदा खुलने की तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने की स्थिति में निविदा सम्बन्धी कार्यवाही अगले कार्य दिवस में सम्पादित की जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने एवं कार्य की मात्रा घटाने/बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है।

**"राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें"**

अधिशासी अभियन्ता
परिचालन एवं अनुरक्षण खण्ड
पिटकुल, अल्मोड़ा

पत्रांकः 760/परि0 एवं अनु0ख0(अ)/निविदा (वाहन) दिनांक :– **24.09.2025**

मुख्यालय एवं पंजीकृत कार्यालयः– विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून – 248002
कारपोरेट आईडी नं0: **U40101UR2004GOI028675** दूरभाष नं0 0135–2646000 फैक्स नं0 0135–2643460 वेबसाइट **www.ptcul.org**